तापमान
अधिकतम 16 .0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 7 जनवरी 2026

11 तालाब केवल जल संग्रहण का साधन नही बल्कि....


11 स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान


## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** जिला कारागार के पीछे जींद-पानीपत रेलवे लाइन पर रेलगाड़ी की चपेट मे अपने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। कृष्णा कालोनी निवासी बलजीत (53) मंगलवार को सुबह रेलवे लाइन को पार कर रहा था। उसी दौरान वह रेलगाड़ी की चपेट मे आ गया और उसकी मौत हो गई।

### कैथल: कष्ट निवारण समिति की बैठक 9 को

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि आगामी 9 जनवरी को दोपहर 12:15 आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज करेंगे। जिला के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी करते कहा कि सभी तय समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### 12.50 ग्राम हैरोइन के साथ युवती गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने चमेला कालोनी के निकट एक युवती को काबू कर उसके कब्जे से 12.50 ग्राम हैरोइन बरामद की है। शहर थाना नरवाना पुलिस आरोपित महिला से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि चमेला कालोनी के निकट एक युवती नशीला पदार्थ बेचने के लिए ग्राहको का इंतजार कर रही है।

### बाइक चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम ने आरोपी गांव सौंगल निवासी निवासी निखिल व बीरबांगडा निवासी कुलदीप उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डोगरा गेट कैथल निवासी हर्ष की शिकायत अनुसार 21 नवंबर को उसकी बाइक शाह अस्पताल के पास से अज्ञात चोरी कर ले गया था।

### नकली पेंट बेचने पर कॉपी राइट एक्ट का मामला दर्ज

**जींद।** ब्रांडेड कपनी के नाम से नकली पेंट बेचने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक दुकानदार के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एशियन पेंट कपनी के नुमाइंदे दिल्ली निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पिल्लूखेड़ा मंडी में कंपनी की बाल्टियों में नकली पेंट बेचा जा है।

### रिहायशी कब्जे को नियमित करवाने को 16 तक आवेदन

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि जिले में गैर कृषि पंचायती भूमि पर 31 मार्च 2004 से पहले निर्मित रिहायशी कब्जे को नियमित करवाने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 16 जनवरी तक रहेगी। आवेदन को संबंधित खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी कार्यालय में किया जा सकता है। इन आवेदनों पर सरकार की पॉलिसी के अनुसार नियमित करवाने की कार्रवाई को पूरा किया जाएगा।

### अभिनंदन व प्रमाण पत्र वितरण समारोह 10 को

**जींद।** शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के सहयोग से अभिनंदन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

### चाकू की नोक पर महिला से सोने के आभूषण छीने

**कैथल।** एक ई-रिक्शा चालक ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चाकू की नोक पर महिला से सोने के आभूषण छीन लिए। बदमाशों ने मारने की धमकी दी चुपचाप बैठे रहने के लिए कहा। डर के मारे महिला ने शोर नहीं मचाया और बदमाश उसके कान गले से जेवर छीन कर ले गए।

### ठंड का पड़ना तथा धूप का निकलना फसलों के लिए फायदेमंद, मिलेगी अच्छी ग्रोथ

# शीतलहर ने पूरा दिन छुटाई कंपकंपी घरों में दुबके लोग, बाजार सुनसान

### कड़ाके की ठंड का असर मानव जीवन के साथ ही पशुओं पर भी पड़ रहा

**फिलहाल ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ठंड का सितम लगातार जारी है। हालांकि सोमवार को सूर्य देवता ने दर्शन दिए तो कुछ राहत मिली लेकिन मंगलवार को पूरा दिन सूर्य देवता के दर्शन नही हुए। हवा की गति तेज होने पर सुबह के समय धुंधतो छंट गई लेकिन शीत लहर ने पूरा दिन आमजन को कंपाने का काम किया। आकाश में बादलवाई भी देखने को मिली। मंगलवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया। मौसम में आद्रता 90 प्रतिशत तो हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आकाश में बादलवाई बनी रहेगी। तापमान में गिरावट आएगी। फिलहाल ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नही है। मंगलवार को दिन का आगाज कडाके की ठंड के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ ही हवा तेज हो गई और धुंध छंट गई लेकिन हालात शीत लहर जैसे हो गए। ठंड से कंपकपी दिनभर छुटती रही। पूरा दिन लोग घरों में दुबके रहे। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नही है। मौसम परिवर्तनशील तथा शुष्क बना रहेगा। इस दौरान बादलवाई भी बनी रहेगी। फसलों में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर कृषि विशेषज्ञों से सपर्क करें।


जींद। खेत में खिली फसल। फोटो :हरिभूमि

**अपना और पशुओं को रखे ख्याल**

सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने आमजन सहित पशुओं को सर्दी और शीतलहर से बचाव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए एडवाइजरी की पूर्ण रूप से पालन करते हुए सावधानी बरतने की अपील की है। आमजन सावधानी बरतकर सर्दी से अपना व अपने पशुओं का बचाव कर सकते हैं। रात के समय पशुओं के आवास को सभी तरफ से ढक दें ताकि ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके। शीत लहर के दौरान जानवरों को खुले क्षेत्र में न छोड़ें। जानवरों को ठंडा चारा और ठंडा पानी देने से बचें। पशु आश्रय में नमी और धुएं को नहीं रहने दें। वहीं आपातकालीन स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 112 पर फोन कर सहायता लें।

**कोहरे में ओवरटेक करने से बचें**

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि कहा कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के दौरान विशेषकर सुबह और रात के समय कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है। ऐसे में वाहन चालकों को सीमित गति में अपनी निर्धारित लेन में रह कर और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए वाहन चलाना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और नागरिक सुरक्षित यात्रा कर सकें। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे धुंध के मौसम में गलत दिशा में वाहन न चलाएं और धुंध के समय जहां तक संभव हो ओवरटेक करने से बचें। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन कर ही हम अपने और दूसरों के सफर को सुरक्षित बना सकते हैं। उन्होंने वाहन चालकों से जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की है।

**ठंड के कारण पशुओं में दूध की गिरावट आई**

पिछले एक पखवाड़े से कडाके की ठंड पड़ रही है। सूर्य भी बहुत कम दिखाई दे रहे हैं। जिसका जनजीवन पर तो असर है, दुधारू पशुओं पर भी पड रहा है। ठंड के कारण पशुओं में दूध की गिरावट आई है। जिसके चलते दूध में दस से बीस प्रतिशत उत्पादन कम हुआ है। पशुपालक बिजेंद्र ने बताया कि ठंड बहुत ज्यादा है। धूप नहीं निकल रही है। जहां पशु बंधते हैं वह भी गीला रहता है। बाहर बांधने पर पशुओं को ठंड लगने का खतरा बना रहता है। जिसके चलते दूध का उत्पादन भी कम हो गया है। वहीं किसान राजेंद्र, सतबीर, राजकुमार ने कहा कि जो मौसम इन दिनों है वो फसलों के लिए लाभदायक है। अब अगर बारिश हो जाती है तो वो फसलों के लिए बहुत अच्छी होगी।




उचाना। मुआवजा कम दिए जाने पर काम रूकवा कर नारेबाजी करते हुए।

## हाईटेंशन बिजली लाइन का कार्य करीब 2 घंटे तक रोका

### मुआवजा बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जींद से नरवाना तक बिछाई जा रही हाईटेंशन बिजली लाइन का कार्य उचाना में किसानों, कॉलोनीवासियों के विरोध के चलते दो घंटे तक बाधित रहा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बिजली टावरों के लिए तो मुआवजा दिया गया है लेकिन तारों के नीचे आने वाली जमीन का मुआवजा बहुत कम तय किया गया है। किसान नेता आजाद पालवां ने बताया कि तारों के नीचे की जमीन के मुआवजे को लेकर संशय बना हुआ था। किसानों और कॉलोनीवासियों ने काम रुकवा कर प्रशासन से स्पष्ट जवाब मांगा। सूचना मिलने पर एचवीपीएनएल कंस्ट्रक्शन के एसडीओ संजय कुमार और जेई मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि तारों के नीचे आने वाली जमीन के लिए कलेक्टर रेट का 30 प्रतिशत मुआवजा दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से अपील की कि 30 प्रतिशत मुआवजा बहुत कम है और उन्हें पूरी कीमत दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि जहां बिजली टावर खड़े किए गए हैं, वहां कलेक्टर रेट का दोगुना मुआवजा दिया जाए। क्योंकि ऐसे स्थानों पर जमीन की कीमत आधी रह जाती है। आजाद पालवां ने कहा कि 1963 में जब पहली बार बड़ी बिजली लाइनें बिछाई गई थी। तब न तो तारों के नीचे की जमीन का और न ही पोल खड़े करने वाली जगह का कोई मुआवजा दिया गया था। अब सरकार को किसानों के हित में पारदर्शी नीति अपनानी चाहिए।

**मुआवजा दिया जाएगा**

एचवीपीएनएल कंस्ट्रक्शन के एसडीओ संजय कुमार ने बताया कि जींद से नरवाना तक हाईटेंशन लाइन का काम जारी है। पहले यह लाइन रेलिंग पोल पर लगाई गई थी, जिनकी ऊंचाई कम थी। अब नए पोल 250 से 300 मीटर की दूरी पर लगाए जा रहे हैं। जबकि पहले यह दूरी 90 मीटर थी। तारों की ऊंचाई भी बढ़ाकर 60 फीट कर दी गई है। 10 जुलाई 2024 को सरकार ने नई मुआवजा नीति लागू की थी। जिसके तहत जहां पोल खड़े होंगे और जहां से लाइन गुजरेगी वहां मुआवजा दिया जाएगा।

## श्रमिकों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भवन निर्माण श्रमिक संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर मंगलवार को प्रदर्शन किया और तहसीलदार शालिनी लाठर के माध्यम से श्रमिकों की मांगों व समस्याओं को लेकर ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित भेजा। प्रदर्शन से पहले श्रमिक पुराना बस स्टैंड पर इक_ा हुए। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजेंद्र कगार ने की। भवन निर्माण श्रमिक संघ के प्रदेश महामंत्री राममेहर जांगड़ा व भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विनोद शर्मा ने बताया कि पिछले लगभग आठ महीने से

**आठ महीने से श्रम विभाग का पोर्टल बंद, शुरू करवाया जाए**

श्रम विभाग का पोर्टल बंद पड़ा है, जिससे श्रमिक पूरी तरह से परेशान हैं। जिससे सरकार की छवि खराब हो रही है। इसलिए आज के प्रदर्शन के माध्यम से मांग की गई कि सरकार श्रम विभाग के पोर्टल को अति शीघ्रता खुलवाने के काम करें। क्योंकि सरकार द्वारा श्रमिक कल्याण के लिए श्रम कल्याण बोर्ड के माध्यम से शुरू की गई योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे और ना ही नए पंजीकरण हो पा रहे हैं। जिसे श्रमिक दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। पोर्टल खोलकर वास्तविक पात्र श्रमिकों के नए पंजीकरण शुरू किए जाए, वर्कस्लिप को वेरीफाई करने का अधिकार गांव के सरपंच, नंबरदार, श्रम विभाग के अधिकारी और सात ट्रेड यूनियनों को जिम्मेवारी व जवाब देही के साथ दिया जाए ताकि श्रमिकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रम कल्याण बोर्ड के माध्यम से योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके और नए श्रमिकों का पंजीकरण हो सके। पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दलबीर सिंह, योगेश शर्मा, कविता लुदाना, नवनीत योगी, इंद्र पिंडरा, इंद्र गांगोली, लोकेश भयान, सचिव महेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। डीसी को ज्ञापन देने पहुंचे खेत व मजदूर संगठनों के पदाधिकारी।

खेत एवं ग्रामीण मजदूर संगठनों के देशव्यापी आह्वान की कड़ी में ए. आईएडब्ल्यूयू, बीकेएमयू व एआई ए आरएलए के 12 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। तीनों संगठनों के नेतृत्वकारी साथियों अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव कामरेड प्रेम चंद, उपाध्यक्ष सुनीता, भारतीय खेत मजदूर यूनियन के हरभजन सिंह बरटा व महेन्द्र सिंह बरोट तथा ऑल इण्डिया एग्रीकल्चर रूरल वर्कर एसोसिएशन के नेता कर्मबीर व रोहताश ने प्रेस को बयान जारी करते बताया कि तीनों यूनियन केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए मजदूर विरोधी, जन विरोधी कानूनों के प्रति अपना गहरा रोष जाहिर करती हैं। उन्होंने ने कहा मनरेगा ने अपनी उपयोगिता को सिद्ध करके दिखाया है इससे ग्रामीण गरीबों को राहत मिली है। केंद्र सरकार ने मनरेगा को समृद्ध करने की बजाय विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजविका मिशन ग्रामीण (वी बी जी राम जी ) को लाकर मांग आधारित सार्वभौमिक मनरेगा को खत्म कर दिया है। इसी तरह श्रमिकों के हित की 44 श्रम सहिंताओं को बदलकर 4 श्रम कोड लागु करके मजदूरों के साथ बड़ा धोखा किया गया है । इससे मजदूरों का शोषण बढेगा । उन्होंने यह भी कहा बिजली बिल 2025,सीड(बीज) बिल, भूमि अधिग्रहण व विस्थापन से एक तो गरीब लोगों पर मार पड़ेगी।

**प्रमुख मांगे**

ज्ञापन में रखी मांगों में मनरेगा को बहाल व विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण (वी बी जी राम जी) को रद्द करने व मनरेगा को समृद्ध करते 200 दिन काम व 600 रुपये दिहाड़ी देने, श्रमिक विरोधी नए श्रम कोड रद्द व पुराने श्रम कानूनों को बहाल करने, बिजली बिल 2025 , बीज बिल,विस्थापन व जबरन भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने तथा अरावली पहाड़ियों को बचाने व पर्यावरण को संरक्षित किए जाने मांगों को पूरा करने की गुहार की ।


कैथल। दोंनो आरोपी थाना साइबर क्राइम गिरफ्त में।

**म्यूचुअल फंड में निवेश का झांसा देकर ठगी के आरोपी दबोचे**

**कैथल।** साइबर ठगी करने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा म्यूचुअल फंड में निवेश का झांसा देकर 11 लाख 17 हजार की ठगी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में पीएसआई नवीन कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी नया गांव जिला पटना बिहार निवासी मुन्ना कुमार व संदलपुर जिला पटना बिहार निवासी अश्वनी कुमार को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-20 हुडा कैथल निवासी रोहताश कुमार की शिकायत अनुसार 17 मार्च 2025 को उसे व्हाट्सएप ग्रुप आईसीआईसीआई सिक्योरिटी वाई-4 में जोड़ा गया। ग्रुप में लगातार म्यूचुअल फंड में निवेश से भारी मुनाफे के मैसेज भेजे जाते थे और आईसी डायरेक्ट नामक एप डाउनलोड करने को कहा गया। जिससे उसने एप डाउनलोड करने के बाद 19 मार्च 2025 को सबसे पहले 10 हजार रुपये बैंक खाता में ट्रांसफर किए। जिसके बाद 24 मार्च 2025 को भरोसा दिलाने के लिए ठगों ने उसके खाते में 10,650 रुपये वापस भेज दिए। 26 मार्च 2025 को पीड़ित ने दोबारा 10,000 रुपये और फिर 50,000 रुपये निवेश किए। 28 मार्च 2025 को उसने 34,000 रुपये और 50,000 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किए।

## एटीएस कश्मीर का अधिकारी बन लगाया 20 लाख रुपये का चूना

- फर्जी बैंक खाता कश्मीर में होने तथा खाते से आतंकवादियों को फंडिंग होने का दिखाया भय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर ठगों ने एफसीआई से रिटायर्ड बुजुर्ग कर्मी को कश्मीर में फर्जी खाता होने व विदेश से फंडिंग होने का भय दिखा कर 20 लाख का चूना लगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड निवासी 78 वर्षीय बुजुर्ग टेकराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एफसीआई रिटार्यड है। गत 28 दिसंबर को व्हाट्सअप पर कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को एटीएस डिपार्टमेंट कश्मीर से अधिकारी बताया। जिसने कहा कि आपके नाम से कश्मीर में फर्जी बैंक खाता है। जिसमें देश के खिलाफ आतंकवादियों के लिए करोडों की फंडिंग की है। आप के खिलाफ कश्मीर में मुकद्मा चल रहा है। बचने के लिए आपके खाते में जो पैसा है, उसे आरबीआई से वेरिफाई करवाना है। जिसके बद आपके पैसे को वापस भेज देंगें। जिसके बाद आरोपित द्वारा दिए गए खाते मे उसने दस लाख रुपये भेज दिए।

**मामले की जांच जारी**

साइबर थाना पुलिस ने टेकराम की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना के जांच अधिकार धर्मबीर ने बताया कि व्यक्ति ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।


जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

**किसान छात्र एकता संगठन ने वीसी को सौंपा ज्ञापन**

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन हरियाणा ने मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विवि में कुलपति प्रो. रणपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अकादमिक कैलेंडर के अनुसार कक्षाएं विधिवत रूप से शुरू करवाने की मांग की गई। वीसी ने छात्र संगठन पदाधिकारियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। किसान छात्र एकता संगठन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुमित लाठर ने बताया कि विश्वविद्यालय के अकादमिक कैलेंडर के अनुसार कक्षाएं विधिवत रूप से प्रारंभ हो चुकी हैं लेकिन इसके बावजूद जब छात्र नियमित रूप से पढ़ाई करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय पहुंचते हैं तो उन्हें कक्षाओं के बाहर ताले लगे हुए मिलते हैं। इस स्थिति के कारण विद्यार्थियों को मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान और शैक्षणिक पिछड़ापन झेलना पड़ रहा है। छात्र ठंड के मौसम में किराया खर्च कर दूरदराज के गांवों और शहरों से विश्वविद्यालय आते हैं। परंतु कक्षाएं न लगने से उनका समय और मेहनत व्यर्थ चली जाती है। छात्र नेता नवरत्न माथुर ने बताया कि आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को लेकर छात्रों पर निरंतर दबाव बनाया जाता है, उपस्थिति और असाइनमेंट के नाम पर नियमों की सख्ती दिखाई जाती है लेकिन जब शिक्षण कार्य और कक्षा संचालन की जिम्मेदारी निभाने की बारी आती है।

### खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने डेयरियों पर दस्तक देकर भरे सैंपल

# तीस किलोग्राम घटिया पनीर करवाया नष्ट

- टीम ने लिए गए सैंपलों को सील कर लेबारेटरी भेजा, विक्रेता को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने नरवाना में चार स्थानों पर पनीर, बटर, घी तथा क्रीम के चार सैंपल भरे। टीम ने घटिया किस्म के तीस किलोग्राम पनीर को नष्ट करवाते हुए विक्रेता को फटकार भी लगाई। टीम ने लिए गए सैंपलों को सील कर उन्हें लेबारेटरी भेज दिया है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कादियान के नेतृत्व में नरवाना में दस्तक दी। टीम ने पहले जयराम डेयरी तथा पनीर भंडार पर दस्तक दी और पनीर के सैंपल भरे। टीम ने घटिया 30 किलो पनीर भी मिला। जिस पर टीम ने विक्रेता को फटकार लगाते हुए नष्ट करवा दिया। जिसके बाद टीम ने कैनाल रोड पर अभय डेयरी से घी तथा क्रीम के सैंपल लिए। जिसके बाद टीम ने ढाकल रोड पर दस्तक देकर दुकान से बटर के सैंपल भरे। जिन्हें सील कर जांच के लिए लैबोरटरी भेज दिया। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई विभाग द्वार अमल में लाई जाएगी। जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कि लोगों को साफ-सुथरे खाद्य पदार्थ मिले, इसको लेकर चार स्थानों से सैंपल भरे गए हैं। तीस किलोग्राम पनीर को नष्ट करवाया गया है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

**पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भटनागर कालोनी में बीती देर शाम व्यक्ति ने संदिग्ध हालात के चलते फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। शहर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मूलतः गांव सिवाहा हाल आबाद भटनागर कालोनी निवासी मनजीत (30) ने बीती देर शाम अपने मकान मे फांसी का फंदा लगा लिया। घटना के दौरान उसकी मां घर में मौजूद थी। आवाज देने के बाद भी जब मनजीत कमरे से बाहर नही आया तो उसने अंदर देखा तो वह पंखे से फंदे पर लटका हुआ था। महिला द्वारा शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और मनजीत को फंदे से उतार नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और जायजा लिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनजीत पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उसी परेशानी के चलते उसने फांसी का फंदा लगा कर जान दी है।

# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

लाइफ Style

# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।



## हॉलीवुड मसाला

# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक



**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।



# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

## टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयिा सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्विवेदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

*__लॉस एंजिल्स।__ ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

### ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ट्रायल का शेडयूल जारी

**जींद।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का पहला संस्करण का आयोजन 20 फरवरी तक छत्तीसगढ़ प्रदेश दीव में सात प्रतिस्पर्धी खेल और दो डेमा खेल की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाना है। हरियाणा राज्य से भाग लेने वाले खिलाडियों का चयन ट्रायल के आधार पर किया जाना है।

### मां-बेटी संदिग्ध हालात में लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** रामकालोनी से मां व बेटी के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राम कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत तीन जनवरी को उसकी पत्नी तथा चार वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर दोनों का कोई सुराग नही लगा।

### अश्लील वीडियो बना किया महिला का यौन शोषण

**जींद।** सिविल लाइन थाना इलाके में महिला की नहाते समय अशील वीडियो बना ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपित के दुष्कर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना इलाके की महिला ने शिकायत दर्ज करवाई है।

### मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.00 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

### विज्ञान शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना प्रेरणादायक कदम

**जींद।** हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संचालित विज्ञान शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना 2025-26 का स्वागत करती है। यह योजना विज्ञान विषयों में अध्ययन कर रहे मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम है। जींद विश्वविद्यालय में एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि यह छात्रवृत्ति योजना उन विद्यार्थियों के लिए है।

### सीएम के दावे सच्चाई से बहुत दूर : विनोद कुमार

**जींद।** मनरेगा मेट एवं मजदूर यूनियन हरियाणा की ओर से राज्य प्रधान रमेश चंद्र एवं राज्य महासचिव विनोद कुमार ने कहा कि कल मुख्यमंत्री द्वारा वीबीजी राम जी योजना के संबंध में किए गए दावे सच्चाई से बहुत दूर हैं। रमेश चंद्र और विनोद कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के अपने दावों से ही यह स्पष्ट हो रहा है कि मनरेगा के तहत मिलने वाला रोजगार सबसे अधिक समाज के कमजोर तबकों को लाभ पहुंचा रहा था।

### पीओ पकड़ो स्टॉफ ने भगोड़ा आरोपी दबोचा

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ द्वारा एक भगोड़े आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ के एचसी अनिल कुमार की टीम द्वारा उद्घघोषित आरोपी गांव जाखोली निवासी प्रवेश को काबू कर लिया गया। बता दें आरोपी प्रवेश जाखोली निवासी सुरेश की कार पर ड्राइवर था।

### स्वयंसेवकों ने किया वामन तीर्थ का भ्रमण

**राजौंद।** सरकारी स्कूल सोंगल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप में छठे दिन विद्यार्थियों ने गांव सोंगल में स्थित वामन तीर्थ का भ्रमण किया। जिसका पुराणों में भी जिक्र मिलता है। कहते हैं यहां पर भगवान विष्णु ने अपने वामन रूप में दर्शन दिए थे। इसके अलावा बच्चों ने गांव में स्थित बाबा मुकटनाथ मंदिर के दर्शन किए।

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम

# तालाब केवल जल संग्रहण का साधन नहीं बल्कि गांव की जीवनरेखा : सुरेंद्र

**सार्वजनिक स्थलों पर हो रहे अवैध कब्जों के प्रति जागरूक करना लक्ष्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद मोतीलाल स्कूल के बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन विद्यार्थियों को समाज, संस्कृति एवं पर्यावरण से जोडऩे के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत एनएसएस के स्वयंसेवक विद्यार्थियों को विद्यालय के समीप स्थित गांव में ले जाया गया, जहां उन्हें गांव की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित कराया गया तथा उनके संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गांव में स्थित प्राचीन तालाब का भ्रमण किया। स्वयंसेवकों को बताया गया कि तालाब केवल जल संग्रहण का साधन नहीं होते बल्कि ये गांव की जीवनरेखा होते हैं। तालाब वर्षा जल संरक्षण, भूजल स्तर बनाए रखने, पशु पक्षियों के लिए जल स्त्रोत तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को ये भी समझाया गया कि पहले समय में गांवों में तालाबों का निर्माण सामूहिक श्रम से किया जाता था और इनका रखरखाव पूरे गांव की जिम्मेदारी मानी जाती थी। एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव के बुजुर्गों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद कर तालाबों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी प्राप्त की। ग्रामीणों ने बताया कि किस प्रकार पहले इन तालाबों से गांव की सिंचाई, पशुपालन व दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति होती थी लेकिन समय के साथ उपेक्षा और अतिक्रमण के कारण इनकी स्थिति बिगड़ती जा रही है। यह जानकारी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही। कार्यक्रम का एक प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को सरकारी भूमि तालाबों एवं सार्वजनिक स्थलों पर हो रहे अवैध कब्जों के प्रति जागरूक करना था। एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव में जाकर लोगों से बातचीत की और उन्हें समझाया कि सरकारी भूमि पर किया गया अतिक्रमण न केवल कानूनन अपराध है बल्कि इससे समाज और आने वाली पीढ़ियों को भी गंभीर नुकसान होता है।

#### रैली निकाल किया जागरूक

विद्यार्थियों ने लोगों को बताया कि तालाबों और सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा होने से जल संकट, पर्यावरण प्रदूषण और सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांववासियों को यह संदेश दिया कि यदि कहीं भी सरकारी भूमि या सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जा दिखाई दे तो उसकी जानकारी संबंधित प्रशासन को दी जानी चाहिए। साथ ही सभी नागरिकों को मिल कर गांव की धरोहरों की रक्षा करनी चाहिएए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इनसे लाभ उठा सकें। विद्यार्थियों ने नारे एवं रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

#### जल संरक्षण जरूरी

जिससे ग्रामीणों में भी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते विद्यार्थियों को संबोधित किया। कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखना नही बल्कि उन्हें समाज की वास्तविक समस्याओं से रूबरू कराना है। गांव की धरोहरें, तालाब, सरकारी भूमि और सार्वजनिक संपत्तियां हमारी सामूहिक जिम्मेदारी हैं। यदि आज का युवा इनके संरक्षण के लिए आगे आएगा, तभी देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। तालाबों का संरक्षण करके ही हम जल संकट से निपट सकते हैं। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है, जो उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाती है। विद्यालय प्रशासन ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। जब विद्यार्थी स्वयं गांव जाकर लोगों से संवाद करते हैं समस्याओं को समझते हैं और समाधान का प्रयास करते हैं तो उनमें आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना का विकास होता है और विद्यालय का यह एनएसएस शिविर न केवल विद्यार्थियों के लिए शिक्षाप्रद रहा बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# यातायात नियमों के प्रति किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** यातायात नियमों बारे जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

जिला पुलिस द्वारा आमजन को लगातार ट्रैफिक नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी तहत ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतपाल सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस टीम ने नई अनाज मंडी, जागरूकता अभियान चलाया। स्कूल बस चालकों एवं अन्य ट्रक चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों सहित आरटीओ एमवीआई अनिल कुमार, इंस्पेक्टर प्रवीन शर्मा, एस आई धर्मवीर, नरेश कुमार तथा अशोका लिलैंड ड्राइविंग संस्थान के मैनेजर पुनीत धीमान मौजूद रहे।

#### हमेशा सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं

पुलिस प्रवक्ता ने बताया की अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस टीम ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट व हेलमेट के प्रयोग, मोबाइल फोन का उपयोग न करने, ओवरलोडिंग से बचने तथा सड़क संकेतों का पालन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेष रूप से स्कूल बस चालकों को बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने, बस में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही विद्यार्थियों को बैठाने और वाहन की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए। इंस्पेक्टर सतपाल सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। नियमों का पालन कर हम न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी सुरक्षित रख सकते हैं। वाहन चालकों से अपील की कि वे हमेशा सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें।



**कैथल।** सांसद नवीन जिंदल के चैक को सौंपते अरविंद गोलन। *फोटो :हरिभूमि*

### सांसद जिंदल का जताया आभार

**कैथल।** महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नवीन जिंदल द्वारा अग्रवाल युवा सभा, कैथल को समाजसेवा कार्यों के लिए 11 लाख की सहायता राशि देने पर संपूर्ण अग्रवाल समाज में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है।अग्रवाल युवा सभा, कैथल के प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता राशि समाजसेवा के कार्यों को और अधिक सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि सांसद द्वारा समाज के प्रति दिखाई गई संवेदनशीलता प्रेरणादायक है। रामप्रताप गुप्ता ने कैथल जिंदल हाउस इंचार्ज रविन्द्र धीमान की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के सफल आयोजन एवं सहायता राशि की घोषणा को साकार रूप देने में उनकी सक्रिय भूमिका रही। उनके निरंतर सहयोग, समन्वय एवं सकारात्मक प्रयासों से समाज और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद और अधिक मजबूत हुआ है।

### नारा लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन

**कैथल।** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में आयुर्वेद प्रशिक्षण एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में चौथे दिन की शुरूआत योगाभ्यास के साथ हुई जिसमें स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन पतंजलि योगपीठ से आए हुए विशिष्ट अतिथि रामचरण ने किया। उन्होंने बच्चों को योगासन सिखाएं तथा वर्तमान में योग के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। तत्पश्चात इसी कड़ी में आयुष विभाग से आए डॉ रमेश कुमार ने शिविरार्थियों को व्यावहारिक जीवन में आयुर्वेद के अवर्णनीय महत्व की विशेष जानकारी प्रदान की। डॉ रमेश ने बताया कि स्वस्थ शरीर के लिए हमें सर्वप्रथम शुद्ध वायु,जल और शुद्ध सात्विक और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। स्वयंसेवकों को बताया कि बहुत सारी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियाँ हमारी रसोई में ही उपलब्ध होती है।

### कुरीतियों को दूर करने के लिए किया प्रेरित

**नरवाना।** स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल नरवाना में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन मंगलवार को एम कॉलेज में कार्यरत रसायन विज्ञान के असिस्टेंट प्रो डॉ जयपाल देशवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्वयंसेवकों के साथ अपने विचार साझा करते बच्चों को समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। डॉ देशवाल ने कहा कि किशोरावस्था में गलत संगति और प्रेम प्रसंगों में पड़कर कई छात्र अपने उज्ज्वल भविष्य को नुकसान पहुंचा लेते हैंए इसलिए जीवन में संयम और सही दिशा अत्यंत आवश्यक है। अपने व्याख्यान के दौरान उन्होंने रसायन विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह विषय हमारे प्राचीन वेद.शास्त्रों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है और मानव जीवन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने सामाजिक अनुभव साझा करते बताया कि वे अब तक हजारों पौधे लगा चुके हैं तथा रक्तदान शिविरों के माध्यम से समाज सेवा में निरंतर सक्रिय हैं। उनके विचारों से विद्यार्थियों को सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध कार्य करने की प्रेरणा मिली।



**उचाना।** कन्या गुरुकुल में पहुंची जिला अधिकारी रितू पंघाल।




**नरवाना।** शिविर को संबोधित करते हुए वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

### स्वयंसेवकों को बताया एनएसएस का महत्व

**उचाना।** कन्या गुरुकुल गुरूकुल खेड़ा एनएसएस शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी रितू पंघाल, खंड शिक्षा अधिकारी रणपाल श्योकंद ने बतौर मुख्यअथिति शिरकत की। एनएसएस स्वयं सेवको अनुशासनए शिक्षा का महत्व ओर समाजिक बुराईयों से कैसे बचा सकता है के बारे में विस्तार से बताया। किस प्रकार एनएसएस के विद्यार्थी समाज सेवा में कैसे सहयोग कर सकते हैं विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के उपप्रधान महिपाल के मार्गदर्शन एवं एनएसएस प्रभारी प्रवीन कुमारी, राजबाला के नेतृत्व में किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या बंतो बैनीवाल ने की। प्रबंधन कमेटी सदस्य जगदीश, राजपाल, रामपाल, हरिकिशन, सेवा सिंह, मा. रामप्रसादए शीशपाल शास्त्री मौजूद रहे।

### भवन निर्माण मजदूर संघ की बैठक

**उचाना।** भवन निर्माण मजदूर संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मजदूरों को उनका हक नहीं मिला तो वे महापड़ाव और आंदोलन करेंगे। यह बात संघ के नेताओं ने उचाना में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही। भवन निर्माण मजदूर संघ की महिला विंग जिला अध्यक्ष सरोज देवी जुलाना, प्रदेश महामंत्री कृष्ण नैन, कश्मीरी भगवानपुरा, दयानंद सफीदों, कर्मवीर अलेवा और मुकेश जींद ने संबोधित किया। नेताओं ने कहा कि सरकार मजदूरों के अधिकारों का हनन कर रही हैए जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोहान ने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 से 2018 तक भाजपा सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए शिविर लगाकर लाखों मजदूरों का पंजीकरण किया था। जिनमें से अब अधिकतर को फर्जी बताया जा रहा है।



**उचाना।** भवन निर्माण संघ की मीटिंग में पहुंचे पदाधिकारी।



**उचाना।** सकट चौथ व्रत कथा के लिए एकत्रित हुई महिलाएं।

### महिलाओं ने रखा सकट चौथ का व्रत

**उचाना।** महिलाओं ने संतान की दीर्घायु के लिए सकट चौथ का व्रत रखा। दोपहर को महिलाओं ने एकत्रित होकर कहानी सुनी। यह व्रत भगवान श्रीगणेश और माता सकट को समर्पित है। पुजारी अशोक शर्मा ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार सकट चौथ व्रत करने से संतान की दीर्घायु और सुख.समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान गणेश और माता सकट की विधिपूर्वक पूजा कर मनोकामनाएं पूर्ण की प्रार्थना की जाती है। यह व्रत न केवल आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है बल्कि परिवार के कल्याण और आर्थिक समृद्धि के लिए भी शुभ माना जाता है। वस्त्र और अन्न का दान करना विशेष फलदायी माना गया है।



**सीवन।** गांव रसूलपुर में पहुंची मेडिकल वेन। *फोटो :हरिभूमि*

### 80 ने उठाया फ्री स्वास्थ्य जांच कैंप का लाभ

**सीवन।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से गुहला विधानसभा क्षेत्र के गांव रसूलपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन बाबा मीरा जी चौपाल में सीवन मंडल अध्यक्ष प्रवीण रसूलपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से एमबीबीएस चिकित्सक डॉ. बलविंदर संधू ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और मरीजों को निःशुल्क परामर्श, आवश्यक जांच एवं दवाइयां उपलब्ध कराईं। शिविर में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित 80 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सक द्वारा सामान्य बीमारियों के साथ-साथ रक्तचाप, शुगर सहित अन्य आवश्यक जांच भी की गईं। इस अवसर पर सीवन मंडल अध्यक्ष प्रवीण रसूलपुर ने नवीन जिन्दल फाउंडेशन की नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

# भाकपा ने फूंका अमेरिकी राष्ट्रपति का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी ने मंगलवार को पुराने बस अड्डे से लघु सचिवालय गेट तक प्रदर्शन किया तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले, राष्ट्रपति निकोलस मादुरो तथा उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस के अपहरण की कड़ी निंदा करने तथा वेनेजुएला के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए किया। प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारे लगाए कि अमेरिकी साम्राज्यवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन की अगुवाई जिला सचिव कपूर सिंह ने की। प्रदर्शन में पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य रमेश चंद्र तथा वरिष्ठ नेता प्रकाश चंद्र ने प्रदर्शन को संबोधित करते कहा कि अमेरिका का यह हमला न केवल वेनेजुएला की संप्रभुता पर आघात है बल्कि पूरे लैटिन अमेरिका और विश्व के शांतिप्रिय देशों के लिए खतरा है। प्रकाश चंद्र ने कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवाद का यह नया मोनरो सिद्धांत पूरे पश्चिमी गोलार्ध को गुलाम बनाने की साजिश है। वेनेजुएला के लोग बहादुरी से मुकाबला कर रहे हैं और हम भारतीय कम्युनिस्ट उनके साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े हैं। प्रदर्शन में संदीप, राधेश्याम, मुरारी लाल, नूतन प्रकाश, सुरेश करसोला, पवन कुमार, रणधीर सिंह, जयपाल, रोशनी, सुशील, दुख हरण वेद प्रकाश आदि ने विचार व्यक्त किए।




विद्यार्थियों को जानकारी देते पंकज आत्रेय और सहायक प्रोफेसर सृष्टि तनेजा।

### जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**ढांड।** ढांड स्थित शहीद केहर सिंह राजकीय वरिष्ठ विद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के तहत सोमवार को साइबर सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर अंबाला रोड कैथल से मुख्य समन्वयक पंकज आत्रेय और सहायक प्रोफेसर सृष्टि तनेजा ने विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। विद्यालय पहुंचने पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दोनों वक्ताओं का परिचय करवाया और सेमिनार के उद्देश्य व विषय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक और इंटरनेट का उपयोग तेजी से बढ़ा है, ऐसे में विद्यार्थियों को साइबर खतरों के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है।

## स्वयंसेवकों ने सरस्वती खादी ग्रामोद्योग का किया शैक्षणिक भ्रमण

# स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान

- खादी-ग्रामोद्योग से ही स्वदेशी व आत्मनिर्भरता की भावना सशक्त
- ग्रामोद्योग भारतीय संस्कृति व श्रम के सम्मान और आत्मनिर्भरता की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** सरस्वती खादी ग्रामोद्योग का शैक्षणिक भ्रमण करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित किया जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने सरस्वती खादी ग्रामोद्योग जींद का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत एवं ग्रामीण रोजगार की अवधारणा से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना था। सरस्वती खादी ग्रामोद्योग के पदाधिकारियों द्वारा स्वयंसेवकों को खादी निर्माण, कताई बुनाई तथा ग्रामोद्योग से जुड़े विभिन्न उत्पादों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार खादी ग्रामोद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन कर आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। विद्यालय की प्राचार्य रश्मि विद्यार्थी ने इस अवसर पर कहा कि खादी और ग्रामोद्योग भारतीय संस्कृति, श्रम के सम्मान और आत्मनिर्भरता की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति सम्मान और समाजसेवा की भावना विकसित करते हैं।

#### ये रहे मौजूद

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुंडू ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामोद्योग को अपना कर ही समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से खादी और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पूरे अनुशासन एवं उत्साह के साथ भ्रमण में भाग लिया। शिविर का छठा दिन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं संस्कारयुक्त अनुभव रहा। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग के सेक्रेटरी मुकेश सैनी, शिल्पा सचदेवा, रचनाए सहायक रामेश्वर, बलजीत सिंह एवं सभी स्वयंसेवकों द्वारा बढ़.चढ़कर भाग लिया गया।




**राजौंद।** शिविर समापन के दौरान विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### नशे के खिलाफ किया जागरूक

**राजौंद।** भाना के शहीद सिपाही मिठियां रावमावि में एनएसएस शिविर का समापन हो गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने नशा विरोधी रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी दीपक राविश ने बताया कि 7 दिन के शिविर में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान आयोजित किए गए। इनमें सोशल मीडिया में करियर, रेबीज, साइबर क्राइम,योग, प्राथमिक चिकित्सा व एचआईवी आदि विषयों पर विद्यार्थियों के लिए लेक्चर आयोजित किए गए। दौरान जिला परिषद सदस्य संजीव कुमार शिविर समापन पर मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान एसएमसी प्रधान सुदेश देवी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम में छात्र अंशु ने 7 दिनों की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने एन एस एस.का महत्व बताते कहा कि आजकल स्कूलों में एन एस एस शिविरों का आयोजन होने से विद्यार्थियों में सद्गुणों का विकास आरंभ से ही हो जाता है।

## खबर संक्षेप



### सोशल मीडिया एप का सावधानी से करें प्रयोग

**राजौंद।** राजौंद के राजकीय वरिष्ठ विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय शिविर हुआ समापन। प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह की अगुवाई में बच्चों ने सुबह योगाभ्यास गायत्री मंत्रोचारण और राष्ट्रीय गीत से शुरुआत की गई। सुबह के सत्र में कॉमर्स प्रवक्ता शिवा कुमार ने बच्चों को विभिन्न सोशल मीडिया ऐप का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने और वर्तमान समय में जीवन मूल्यों को उजागर रखने की सलाह दी। सुपरवाइजर नीलम व पिंकी तथा जीतो एसिस्टेंट और पूजा ऑफिस कर्मचारी ने भाग लिया।



### स्वय सेवक समाज में दे सकते हैं योगदान

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किठाना में 7 दिवसीय शिविर का समापन खंड शिक्षा अधिकारी राजौंद पुष्पा रानी द्वारा किया गया। उन्होंने अपना संदेश देते हुए कहा कि भविष्य में एन एस एस स्वय सेवक समाज में अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएस का मतलब ही दूसरों की सेवा करना है इसलिए स्वयंसेवक समाज सेवा में भी अपना पूरा योगदान देते रहें। प्राचार्य सत्यवान अहलावत ने सभी स्वयंसेवकों को शिविर में किए गए कार्यों की सराहना की।

## स्कूलों से पानी व बच्चों के यूरिन के करवाए जाएंगे सैंपल

# स्वास्थ्य विभाग कैंसर जांच को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को करेगा ट्रेंड

### जांच के साथ किया जाएगा उपचार

कुलदीप सिंह ▶▶ जींद

स्वास्थ्य विभाग ने ओरल कैंसर (मुंह के कैंसर) की बढ़ती समस्या को देखते हुए बड़ा कदम उठाया है। विभाग द्वारा जल्द ही जिले में ओरल कैंसर स्क्रीनिंग और जागरूकता के लिए मेगा कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में लोगों की जांच के साथ-साथ जरूरत पडऩे पर तुरंत उपचार भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार सभी स्वास्थ्यकर्मियों को ओरल कैंसर की पहचान, रोकथाम और प्रबंधन के लिए विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। यह ट्रेनिंग सभी स्वास्थ्यकर्मियों को ओरल कैंसर के लक्षणों को जल्दी पहचानने और मरीजों को सही दिशा में रेफर करने में सक्षम बनाएगी। ट्रेनिंग कार्यक्रम से जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग को मजबूत किया जाएगा ताकि समय रहते ओरल कैंसर की पहचान कर उसका उपचार किया जा सके। मेगा कैंपों में मुंह की जांच के अलावा संदिग्ध मामलों का तुरंत उपचार शुरू किया जाएगा। विभाग का लक्ष्य है कि ओरल कैंसर को शुरुआती स्टेज में ही पकड़ा जाए ताकि इलाज आसान और प्रभावी हो सके।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डा. रमेश पांचाल। फोटो : हरिभूमि

### जांच में 70% मुंह के कैंसर के मिले

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने कहा कि अस्पताल में जो मरीज कैंसर जांच के लिए आ रहे हैं, उनमें 70 प्रतिशत मुंह के कैंसर के मिल रहे हैं। जिसका मुख्य कारण तंबाकू सेवन है। लोगों को बीडी, सिगरेट, पान, सुपारी, तम्बाकु उत्पाद, गुटखा, खैनी, जर्दा का सेवन नहीं करना चाहिए। हमें नियमित अपने मुंह की साल में दो बार जांच अवश्य करवाते रहना चाहिए। डैंटल सर्जनों की बैठक का मुख्य उद्देश्य ओरल कैंसल को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाना रहा है। जल्द ही कैंपों की तिथियां भी निर्धारित की जाएंगी।



डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल।

### जिलेभर के डैंटल सर्जनों की हुई बैठक दिए दिशा-निर्देश

नागरिक अस्पताल के ट्रेनिंग सेंटर में जिलाभर के डेंटल सर्जनों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा. रमेश पांचाल, डा. दिनेश ने कहा कि यह मंथली बैठक सीएमओ के दिशा-निर्देशों पर आयोजित की जाती है। जिसमें जिले के सभी डैंटिस्ट भाग लेते हैं। पूरे माह में किए गए कामों का रिव्यु किया जाता है। बैठक में ओरल कैंसर को लेकर मेगा कैंप लगाए जाएंगे। सभी डैंटल सर्जन व स्वास्थ्यकर्मी को ट्रेन किया जाएगा ताकि मुंह के कैंसर की जांच की जा सके। डेंटिस्ट डा. कपिल शर्मा ने कहा कि बैठक में डैंटल सर्जन द्वारा किए गए कामों की रिपोर्ट पेश की गई है। ओरल हैल्थ, तंबाकू कंट्रोल कार्यक्रम को लेकर सभी डैंटल काम कर रहे हैं।

### मिल कर करेंगे फ्लोराइड सैंपल

स्वास्थ्य विभाग द्वारा फ्लोराइड की समस्या पर भी ध्यान दिया जा रहा है। डेंटल सर्जन और एमपीएचएस (मल्टी पर्पज हेल्थ सुपरवाइजर) कर्मियों को पानी के सैंपल भेजने के निर्देश दिए गए हैं। फ्लोराइड लैब में इन सैंपलों की जांच होगी। साथ ही स्कूलों से पानी और बच्चों के यूरिन के सैंपल लिए जाएंगे ताकि फ्लोराइड की मात्रा का पता चल सके और फ्लोरोसिस जैसी बीमारियों से बचाव हो सके। विभाग द्वारा जल्द ही कैंपों की तारीखों और स्थानों की घोषणा करेगा।

# हिन्दी हमारी संस्कृति, संस्कार और संवेदनाओं की आत्मा : नरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



केथल। राधा कृष्ण स्कूल में कार्यशाला के समापन पर एमडी लाभ सिंह लैलर के साथ अन्य अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल के परिसर में सीबीएसई द्वारा हिंदी विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ प्रार्थना सभा में किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने सामूहिक प्रार्थना में भाग लिया।

इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन पवन शर्मा चीका तथा विनोद कुमार पांडे दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, करनाल ने मार्गदर्शन प्रदान किया। दोनों रिसोर्स पर्सन ने हिंदी शिक्षण को अत्यंत सरल, रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनके द्वारा दिए गए उदाहरण, गतिविधियाँ एवं व्यावहारिक शिक्षण विधियाँ शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू नरवाल ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत करते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमारी संस्कृति, संस्कार और संवेदनाओं की आत्मा है। हिंदी भाषा के माध्यम से ही विद्यार्थियों में नैतिकता, बौद्धिकता एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास संभव है। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर लाभ सिंह लैलर ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा शिक्षण में नवीन शिक्षण विधियों को अपनाना समय की आवश्यकता है।

### नरवाना के वार्ड 14 में पहुंची चलता-फिरता अस्पताल वैन

**नरवाना।** कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर सेवा व समर्पण के तहत शुरू की गई आदित्य निःशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन आज नरवाना शहर के वार्ड नंबर 14ए रेलवे कॉलोनीएगांधीनगर ढ़ाणी में पहुंची। इस चलते.फिरते अस्पताल में वार्डवासियों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गई । नरवाना क्षेत्र में इस निरूशुल्क आदित्य सुरजेवाला मोबाइल अस्पताल वैन सेवा के संचालन व्यवस्था को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का ब्लड प्रेशरए शुगरए सामान्य बीमारियां और अन्य जांचें कीं गई।



पूंडरी। रैली को हरि झंडी दिखाकर रवाना करती प्रिंसिपल साधना बख्शी।

### पुण्डरी में नशा मुक्ति रैली निकाली गई

**पुण्डरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आज समापन हो गया। समापन अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति को लेकर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने नो नशा नेशन अभियान के तहत देवी मंदिर फतेहपुर से रैली की शुरुआत की। यह रैली शहर के गिरधर आहलुवालिया चौक, केएमवी होते हुए झंडामल धर्मशाला तक निकाली गई। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने हाथों में बैनर व स्लोगन लेकर नशे के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। स्वयंसेवकों ने हम सबका है एक ही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा बुरी संगत से नाता तोड़ो, नशे को आज ही छोड़ो", "नशे से दोस्ती, जीवन से मुक्ति" जैसे संदेशों के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राध्यापक मुकेश कुमार, विजय कुमार व कृष्ण लाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना रहा।

# एसडीएम ने गणतंत्र दिवस को लेकर विभागों के अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस भव्य, शानदार और गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन चीका के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मैदान में होगा। कार्यक्रम में देश भक्ति व विभिन्न लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा तथा विकासात्मक झांकियां निकाली जाएगी। जिन-जिन विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटियां लगाई गई हैं, वे अपनी जिम्मेदारियों का अच्छी तरह से निर्वहन करें। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में गणतंत्र दिवस के भव्य आयोजन के दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ले रहे थे। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तैयारियों में कोई भी लापरवाही न बरती जाएं। सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें। इस समारोह में प्लाटून द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया जाएगा। सभी प्लाटून की परेड़ से संबंधित तैयारियां अच्छी प्रकार से करवाई जाए।



गुहला चीका। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह।

## सीवन क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात



विधायक देवेंद्र हंस

सीवन। गुहला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नगर पालिका सीवन में जन सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं को सशक्त करने की दिशा में सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए सीवन में नए फायर स्टेशन की स्थापना को औपचारिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है। यह उपलब्धि विधायक देवेंद्र हंस के सतत प्रयासों और सक्रिय हस्तक्षेप का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है। फायर स्टेशन की अनुपस्थिति के कारण सीवन क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं के दौरान दमकल गाड़ियों को दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचना पड़ता था, जिससे राहत एवं बचाव कार्यों में गंभीर देरी होती थी। इसका खामियाजा आम नागरिकों, व्यापारियों, औद्योगिक इकाइयों और किसानों को भुगतना पड़ता था। कई बार आग की घटनाओं में पकी हुई फसलों, गोदामों और रिहायशी इलाकों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। विधायक देवेंद्र हंस ने इस गंभीर समस्या को लेकर सरकार और संबंधित विभागों के समक्ष लगातार आवाज उठाई। उन्होंने पत्राचार के माध्यम से बार-बार इस ओर ध्यान आकर्षित किया कि फायर स्टेशन का अभाव जन-धन की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। उनके निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप सरकार ने सीवन में फायर स्टेशन स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक देवेंद्र हंस ने इसे क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें भारी मतों से चुनकर विधानसभा में भेजा है और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुहला विधानसभा क्षेत्र में मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण और जन-सुविधाओं का विस्तार उनका मुख्य लक्ष्य है।

# बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर निकाली जागरूकता रैली

- बच्चों व अध्यापकों को नशा मुक्ति मिशन व बाल विवाह मुक्त भारत के शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




जींद। हरी झंडी दिखा कर जागरूकता रैली को रवाना करते हुए सीजेएम मोनिका।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्ति हरियाणा मिशन व बाल विवाह मुक्त भारत के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव खांडा खेड़ी में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकरण सचिव मोनिका ने उपस्थित अध्यापकों को वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक को संबोधित किया उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव नशा मुक्ति के उपाय परिवार और समाज पर नशे के दूरगामी नकारात्मक प्रभाव तथा नशा मुक्त हरियाणा मिशन के महत्व व बाल विवाह मुक्त भारत मिशन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया । प्राधिकरण ने नशा मुक्ति हरियाणा मिशन व बाल विवाह मुक्त भारत के तहत रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

# सहारा देने की बजाय दफ्तरों के चक्कर कटवा रही भाजपा सरकार : प्रेम धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला कष्ट निर्माण समिति के पूर्व सदस्य प्रेम धीमान ने भाजपा सरकार पर बुजुर्गों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक और शर्मनाक है कि जिस उम्र में सरकार को बुजुर्गों का सहारा बनना चाहिए, उसी उम्र में उन्हें दफ्तरों की चौखट पर अपमानित होना पड़ रहा है।

प्रेम धीमान पूंडरी में कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि बुजुर्गों के सम्मान के लिए दी जाने वाली बुढ़ापा पेंशन अब उनके लिए मानसिक प्रताड़ना का कारण बनती जा रही है। सरकार की लापरवाही के चलते बिना किसी ठोस कारण के हजारों बुजुर्गों की पेंशन काट दी गई है। पेंशन कटने से परेशान बुजुर्ग इस कड़ाके की ठंड में अपनी ढलती उम्र में सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें कहीं से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना या जांच के पेंशन काटना अमानवीय कृत्य है। सरकार डिजिटल इंडिया का ढोल पीट रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि तकनीकी खामियों के कारण बुजुर्गों की पेंशन और गरीब परिवारों के राशन कार्ड कट रहे हैं।



पूंडरी। कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए प्रेम धीमान। फोटो :हरिभूमि

# सीआरएसयू के छात्र ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित विश्व स्तरीय गीता ज्ञान निबंध स्पर्धा में तृतीय स्थान पाया

- प्रशंसा पत्र तथा 100 ऑस्ट्रेलियन डॉलर की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के छात्र प्रदीप कुमार ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित विश्व स्तरीय गीता ज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर न केवल विश्वविद्यालय बल्कि हरियाणा प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

मंगलवार को जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने बताया कि यह प्रतियोगिता एसोसिएशन ऑफ हरियाणवी इन ऑस्ट्रेलिया (एएचए) द्वारा ऑस्ट्रेलिया में आयोजित की गई थी। जिसमें भारत सहित विभिन्न देशों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजी थी। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच प्रदीप कुमार ने अपने गहन गीता ज्ञान और उत्कृष्ट लेखन कौशल के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि के लिए प्रदीप कुमार को गीता संस्थान कुरुक्षेत्र में आयोजित समारोह के दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा प्रशंसा पत्र तथा 100 ऑस्ट्रेलियन डॉलर की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। वीसी ने प्रदीप कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।



जींद। छात्र प्रदीप को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# पुलिस कर्मियों का कश्मीरी युवक के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कुछ दिन पहले गांव बात्ता में एक व्यक्ति द्वारा कपड़ा बेचने के लिए आए कश्मीरी युवक को धमकाने का वीडियो वायरल हुआ था और पुलिस ने इस मामले में केस भी दर्ज किया हुआ है। अब इसी प्रकार से एक वीडियो दो पुलिस कर्मचारियों का भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में दोनों पुलिसकर्मी एक मुस्लिम कश्मीरी कपड़ा बेचने वाले युवक को धमका नहीं रहे, बल्कि उसके प्रति भाईचारा प्रदर्शित करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में पगड़ी पहने हुए एक सिख पुलिसकर्मी पंजाब के गायक गुरदास मान का गाना गाते हुए दिखाई दे रहा है। कश्मीरी युवक से बातचीत करते हुए दोनों पुलिसकर्मी उसे कहते हैं कि कुछ दिन पहले कैथल के गांव बात्ता में एक व्यक्ति ने कश्मीरी युवक को धमकाने, उनसे जबरन वंदे मातरम् बुलवाने के प्रयास का वीडियो वायरल हुआ था। हर जगह पर कुछ गलत मानसिकता के लोग रहते हैं, जो ऐसा करते हैं। हम हिंदू, मुसलमान, सिख व ईसाई सब भाई-भाई हैं। दोनों पुलिसकर्मी कैथल में नशा मुक्ति अभियान की टीम में शामिल हैं, जिनमें से एक जसविंदर सिंह और दूसरा सुनील संधू है। दोनों पुलिसकर्मी उस कश्मीरी युवक को अपनी गाड़ी में बैठाते हैं।



कैथल। पुलिस कर्मचारी और कश्मीरी युवक।



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

### डिजिटल माध्यम से होगी अबतक की सबसे बड़ी डिजिटल जनगणना : डीसी

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में मंगलवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में जनगणना 2027 को लेकर बैठक आयोजित की गई। डीसी ने कहा कि पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी और अब होने वाली जनगणना भारत की 16वीं जनगणना होगी। यह आजादी के बाद होने वाली आठवीं जनगणना है। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में कराई जाएगी। पहले चरण में घर-घर की जानकारी (हाउस लिस्टिंग) अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच ली जाएगी। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना नौ फरवरी से 28 रफरवरी 2027 तक होगी। इसके बाद एक मार्च से पांच मार्च 2027 तक दोबारा जांच (रिवीजन) की जाएगी। डीसी ने बताया कि जिले में जनगणना की पूरी जिम्मेदारी उपायुक्त या नगर निगम आयुक्त की होती है। जिन्हें प्रिंसिपल सेंसस अफसर बनाया जाता है। वहीं उपमंडल और शहर स्तर पर तहसीलदारए कार्यकारी अधिकारी और संबंधित अधिकारी चार्ज सेंसस अफसर होंगे।

## आगामी जनगणना की तैयारियों को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

# डिजिटल तरीके से होगी जनगणना, अप्रैल से पहला चरण

### कर्मचारियों के प्रशिक्षण को लेकर शुरू करें तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राष्ट्रीय जनगणना को लेकर प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में डीसी अपराजिता की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनगणना के सफल और सटीक संचालन के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। डीसी ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह ऑनलाइन और ऐप आधारित होगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित गाइडलाइन का पालन करते हुए इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाएं। डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित की जाए।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीसी अपराजिता ने कहा कि यह प्रक्रिया मुख्य रूप से दो चरणों में विभाजित की गई है। प्रथम चरण अप्रैल 2026 में प्रस्तावित है, इसमें मुख्य रूप से मकानों की सूची तैयार की जाएगी और नागरिक रजिस्टर को अपडेट करने का कार्य किया जाएगा। वहीं दूसरा चरण फरवरी-मार्च 2027 में शुरू होगा। इस मुख्य चरण में जनसंख्या की गणना होगी। खास बात यह है कि इस बार सेल्फ-इन्यूमरेशन का विकल्प भी मिलेगा, यानी नागरिक स्वयं ऐप या पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। बैठक में बताया गया कि तकनीक का उपयोग इस प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, कुशल और त्वरित बनाएगा। इससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। जनगणना कार्य में शामिल सभी कर्मचारियों को मोबाइल ऐप और डिजिटल पोर्टल के उपयोग के लिए गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारी तैयारी शुरू करें। इस कार्य के लिए विभिन्न विभागों का सहयोग जरूरी है।

### सरकारी योजनाओं और विकास का आधार

*डीसी अपराजिता ने कहा कि उद्देश्य नागरिकों को यह समझाना है कि जनगणना केवल आंकड़े एकत्रित करना नहीं है, बल्कि भविष्य की सरकारी योजनाओं और विकास का आधार है। इसमें हर व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है, क्योंकि जनगणना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक भी व्यक्ति छूटे नहीं।*

### मौजूद रहे

इस अवसर पर डिवीजन सेंसेस इंचार्ज रामदासो, डीएमसी कपिल शर्मा, गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआरओ चंद्रमोहन, डीआईओ दीपक खुराना, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, जिला सांख्यिकी अधिकारी निर्मल देवी, जिला समन्वयक अधिकारी ज्योति राणा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।